(ख) देश में बाल-मजदूरों की संख्या कितनी है तथा उनकी आर्थिक तथा सामाजिक स्थिति क्या है?

श्रम मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री के० रामामूर्ति) : (क) जी नहीं।

(ख) जनगणना के उपलब्ध अद्यतन आंकड़े वर्ष 1981 के संदर्भ में हैं और इनके अनुसार देश में 0-14 वर्ष के आयु वर्ग में बाल श्रमिकों की संख्या 13,640,872 थी। माता पिता मुख्य रूप से खराब आर्थिक परिस्थितियों के कारण और कुछ सामाजिक कारणों से भी अपने बालकों को ऐसे मजदूरी/अर्ध मजदूरी वाले नियोजनों में भेजने को विवश हैं जो उनके स्वास्थ्य, शिक्षा तथा सामान्य कल्याण के प्रतिकूल हैं।

**Completion of Paanch Pawli Fly Over Project at Nagpur**

451. MISS SAROJ KHAPARDE: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether is a fact that the progress regarding the work of completion of the Paanch Pawli Fly Over Project at Nagpur has been very slow;

(b) if so, the details thereof; and

(c) what steps Government propose to take to expedite the work so that the Fly Over is completed at the earliest?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MALLIKARJUN): (a) and (b) There was some delay in the commencement of the work, as shifting of a number of civic services such as sewer lines, electric overhead lines, P&T cables etc. and road diversion had to be done, as a prerequisite. The over all progress of the work is, at present. 60 per cent.

(c) The Railway is maintaining close liaison with the State Government for completion of the entire work as early as practicable.

**राजस्थान में रेल पुलों का निर्माण**

452. डा० अबरार अहमद : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय राजस्थान में कौन-कौन से रेल पुल निर्माणाधीन हैं तथा किन-किन रेल पुलों का निर्माण भविष्य में किया जायेगा ;

(ख) स्वतंत्रता-प्राप्ति के बाद देश में कितनी लम्बी नई रेल लाइनें बिछाई गई हैं तथा राजस्थान में कितनी बड़ी लाइन की तथा कितनी मीटर लाइन की रेल लाइनें बिछाई गई हैं ; और

(ग) राजस्थान में कितनी लम्बी रेल लाइनों का विद्युतीकरण किया जा चुका है तथा भविष्य में किन रेल लाइनों का विद्युतीकरण किया जायेगा उनका ब्यौरा क्या है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) और (ख) सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जायेगी।

(ग) राजस्थान राज्य में 491 मार्ग कि. मी. का विद्युतीकरण कर दिया गया है। राजस्थान में किसी और खंड के विद्युतीकरण का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है।

**दिल्ली में सहकारी आवास सोसाइटियों को भूमि का आवंटन**

453. डा० अबरार अहमद : क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली पंजीकृत सहकारी आवास सोसाइटियों की संख्या कितनी है तथा उनकी नई रीयता सूची क्या है, इन सोसाइटियों को कब तक भूमि आवंटित किये जाने की संभावना है, सोसाइटियों के प्रत्येक सदस्य को कितनी भूमि आवंटित की जायेगी तथा भूमि किस दर पर आवंटित की जायेगी;

(ख) अब तक किन-किन सोसाइटियों ने कितना-कितना धन दिल्ली विकास प्राधिकरण के पास जमा करवा दिया है तथा यह धन कब से जमा करवाया गया है;

(ग) इन सोसाइटियों को किन-किन क्षेत्रों में भूमि उपलब्ध कराई गई है तथा उस भूमि को कब तक विकसित किये जाने की संभावना है; और

(घ) क्या नए सदस्य बनाने पर कोई प्रतिबंध है, यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं?

**शहरी विकास मंत्री (श्रीमती शीला कौल)** : (क) से (घ) सूचना एकत्र की जा रही हैं तथा सभा पटल पर रख दी जायेगी।

## सवाई माधोपुर से जयपुर के बीच बड़ी लाइन

454. **डा० अबरार अहमद** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सवाई माधोपुर से जयपुर के बीच बड़ी लाइन बिछाये जाने के काम की क्या प्रगति है तथा इस काम को शीघ्र पूरा करना सुनिश्चित करने के लिए अधिक धन का प्रावधान न करने के क्या कारण हैं;

(ख) क्या यह जानकारी है कि सवाई माधोपुर और जयपुर के बीच चलने वाली सभी रेल गाड़िया दिल्ली-बम्बई की बड़ी लाईन की गाड़ियों के यात्रियों को जयपुर तथा राजस्थान के अन्य हिस्सों में ले जाती हैं जिनमें राजधानी, डीलक्स तथा फ्रंटियर मेल के यात्री होते है; और उनकी सुविधा के लिए सवाई माधोपुर तथा जयपुर के बीच चलने वाली इन रेल गाड़ियों में डीजल इंजन, वातानुकूलित डिब्बे व अच्छे स्लीपर कब तक लगाये जायेंगे; और

(ग) क्या सवाई माधोपुर तथा जयपुर के बीच कोई तेज गति की गाड़ी चलाने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

**रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन)** : (क) 31-5-1991 को इस कार्य की प्रगति 3.5 प्रतिशत थी। 1991-92 में इस परियोजना के लिए 12 करोड़ रूपये की राशि की व्यवथा की गयी है जो प्रारम्भिक चरणों में कार्य की प्रगति के लिए पर्याप्त है।

(ख) जी हां, लेकिन फिलहाल न तो सवाई माधोपुर-जयपुर खंड में यात्री गाड़ियों को डीजल इंजन से चलाने का कोई प्रस्ताव है और ना ही इन गाड़ियों में वातानुकूल स्थान की व्यवस्था करने का। इन गाड़ियों में अच्छे किस्म के शयनथान की व्यवस्था की गयी हैं।

(ग) जी नहीं।

## कृषि यन्त्रों का आयात

455. **डा० अबरार अहमद** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) ऐसे कौन-कौन से कृषि यन्त्र हैं जिनका आयात किया जा रहा है और क्या हाल ही में हुए रुपये के अवमूल्यन से इनके आयात में कोई कमी आयेगी और कृषि उत्पादन पर प्रभाव पड़ेगा; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ऐसे कृषि उत्पादों का खरीद मूल्य बढ़ाने का विचार कर रही है जिनका निर्यात किया जाता है तथा अवमूल्यन के परिणामस्वरूप जिनके मूल्य बढ़ने की संभावना है, यदि हां, तो कितने और कब तक तथा इन उत्पादों के नाम क्या-क्या हैं; और

(ग) क्या सरकार आयात किये जाने वाले कृषि यन्त्रों अथवा कृषि सामग्री पर कोई राजसहायता प्रदान करेगी?

**कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामाचन्द्रन)** : (क) 1987-88 तथा 1988-89 के दौरान जिन उपकरणों के आयात होने की सूचना मिली है उसकी सूची अनुबंध में दी गई है।